# झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड

संचरण अवर प्रमण्डल, चतरा

ईमेल:-aeeitkhorigss@gmail.com

पत्रांकः 37 / प्रबंधक/सं0अ0प्र0, चतरा दिनांकः 31 / 05 / 2019

प्रेषक,

प्रबंधक,

संचरण अवर प्रमण्डल, चतरा ।

सेवा में,

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,

वन प्रमण्डल (उत्तरी)

चतरा ।

**विषयः–प्रस्तावित चिन्हित 132/33 के0भी0 ग्रिड सब स्टेशन ग्राम–बोरा, प्रखण्ड हंटरगंज जिला चतरा निर्माण हेतु भूमि उपयोजन का त्रुटियों का निराकरण कर प्रस्ताव की प्रति समर्पित करने के संबंध में।**

प्रसंगः– 1) वन प्रस्ताव संख्या FP/JH/Sub Station / 39837/2019.

2) इस कार्यालय का पत्रांक संख्या – 30, दिनांक 21.05.2019।

3) आपका पत्रांक संख्या – 1453, दिनांक 28.05.2019।

महाशय,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में कहना है कि चिन्हित 132/33 के0भी0 ग्रिड सब स्टेशन ग्राम–बोरा, प्रखण्ड हंटरगंज जिला चतरा के निर्माण हेतु भूमि उपयोजन का ऑनलाईन कर प्रस्ताव की प्रति आपके कार्यालय समर्पित किया गया था। प्रस्ताव समीक्षा उपरांत निम्नलिखित त्रुटियां पत्रांक संख्या – 1453, दिनांक 28.05.2019 के माध्यम से आपके कार्यालय द्वारा दी गई जिनका निराकरण इस प्रकार है :–

| क्र0 सं0 | त्रुटियां | निराकरण |
|---|---|---|
| 1 | सभी पृष्ठों पर प्राधिकारी का नाम मुहर के साथ हस्ताक्षर होना अनिवार्य है, जो की नही है। | इसका निराकरण करते हुए प्रस्ताव में नाम मुहर लगाकर संशोधित प्रस्ताव आपके समक्ष प्रस्तुत है। |
| 2 | संलग्न Authorization Letter में Authorised person का पूर्ण विवरणी संलग्न नहीं है। | Authorised person का पूर्ण विवरणी Annexure – A में संलग्न है। |
| 3 | पार्ट - 1B के कंडिका B-1 में list of proposal submitted in past में Nil अंकित किया गया है, जबकि चतरा जिला का मौजा – ढाडा में भारत सरकार द्वारा 132/33 के0वी0 ग्रीड सब–स्टेशन का निर्माण हेतु स्वीकृत प्रदान की गई, कृप्या पूर्ण विवरणी अंकित किया जाय। | इसका निराकरण करते हुए संशोधित प्रस्ताव आपके समक्ष प्रस्तुत है।<br>Proposal No.: FP/JH/Others/22938/2016<br>Name of Project for which forest land is required: Construction of 132/33KV Grid Sub-Station at Chatra. |
| 4 | पार्ट – 1बी के बी–2.4 में 4.04 हे0 वनभूमि पर केवल Total Grid Sub-Station निर्माण दिखाया गया है, जबकि ग्रीड सब–स्टेशन के साथ आवासीय | <u>Tentative land utilization plan</u><br>1. स्वीचयार्ड एवं, कन्ट्रोल रूम, डी0जी0 रूम इत्यादि – 7 एकड़।<br>2. कॉलनी, ट्रांसीट कैंप जाने हेतू रास्ता, कार्यालय – 2 एकड़। |

**प्रमण्डल कार्यालयः** विद्युत कार्यपालक अभियन्ता,संचरण प्रमण्डल, झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड, प्रथम तल,श्रृंगारी कॉम्पलेक्स निकट मोंटफोर्ट स्कूल, कनहरी हिल रोड, हजारीबाग।

**पंजीकृत कार्यालयः** झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड भवन, कुसई कॉलोनी, डोरन्डा, राँची–834002

# झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड

संचरण अवर प्रमण्डल, चतरा
ईमेलः-aeeitkhorigss@gmail.com

| | | |
|---|---|---|
| | भवन/कार्यालय इत्यादि का निर्माण किया जाता है। कृप्या Component-wise Breakup अंकित किया जाए। | 3. स्टॉकली यार्ड, स्टोर (Indoor) इत्यादि – 1 एकड़।<br><br>प्रयोक्ता एंजेसी द्वारा प्रस्तावित परियोजना का Layout मानचित्र प्रक्रियाधीन है। |
| 5 | प्रस्तावित क्षेत्र में कोई पेड़–पौधे अवस्थित हैं, उनमें से कितने का पातन किया जाना है अथवा नही। इसका विवरणी अंकित नही है। | प्रस्तावित क्षेत्र में कुल 948 पेड़ प्रभावित होंगे इसकी सुची इस पत्र के साथ संलग्न है। |
| 6 | प्रस्ताव में संलग्न Justification में वन भूमि लेने के संबंध में स्पष्ट उल्लेख नही किया गया है। | प्रस्तावित परियोजना भूमि अंचलाधिकारी हंटरगंज के द्वारा भविष्य में होने वाले निर्माण कार्य एवं सब–स्टेशन के ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस को ध्यान में रखकर झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड को आवंटित करने हेतु अनुमण्डलीय पदाधिकारी के द्वारा उपायुक्त चतरा को समर्पित किया गया है। |
| 7 | Cost Beniefit Analysis भारत सरकार द्वारा निर्गत प्रपत्र में नही है। | Cost Beniefit Analysis भारत सरकार द्वारा निर्गत प्रपत्र पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के पत्र संख्या 7-69/2011-FC(Pt) दिनांक 01.08.2017 के अनुसार बनाया गया है। पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के पत्र संख्या 7-69/2011-FC(Pt) दिनांक 01.08.2017 संलग्न है। |
| 8 | टोपो मैप में दर्शाया गया स्थल तथा संकेत में अंतर है, कृप्या इसे ठीक कराया जाए। | टोपो मैप में दर्शाया गया स्थल तथा संकेत के अंतर का निराकरण करते हुए प्रस्ताव समर्पित है। |
| 9 | प्रस्तावित स्थल पर अबतक पिलर से चिन्हित नही किया गया है कृप्या अविलंबन कराकर अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित किया जाए। | प्रस्तावित स्थल का पिलर से चिन्हित किया जा चुका है। |

अतः महाशय से अनुरोध है, कि उक्त त्रुटियों का निराकरण कर प्रस्ताव की 08 प्रति आपके कार्यालय में पुनः समर्पित की जा रही है।

**अनु0– वन प्रस्ताव की 08 प्रति।**

01/06/2019

वन प्रमंडल पदाधिकारी
पत्रांक.......
दिनांक.......
उत्तरी वन प्रमंडल

विश्वासभाजन
31/05/19
प्रबंधक,
संचरण अवर प्रमण्डल, चतरा ।

प्रतिलिपि :– वरीय प्रबंधक, संचरण प्रमण्डल, हजारीबाग को सूचनार्थ ।

**प्रमण्डल कार्यालय:** विद्युत कार्यपालक अभियन्ता,संचरण प्रमण्डल, झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड, प्रथम तल,श्रृंगारी कॉम्पलेक्स निकट मोंटफोर्ट स्कूल, कनहरी हिल रोड, हजारीबाग।
**पंजीकृत कार्यालयः** झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड भवन, कुसई कॉलोनी, डोरन्डा, राँची–834002